# पीएम आवास योजनाः 3571 लोगों ने जमा की राशि

- बिरसानगर में 9 ब्लॉक का काम प्रगति पर
- नोडल पदाधिकारी ने लिया निर्माण का जायजा



**जमशेदपुरः** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत बिरसानगर में बनाए जा रहे आवासीय परिसर का काम प्रगति पर है. अब तक 9 ब्लॉक का काम तेजी से किया जा रहा है. जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति में अब तक इस योजना के लिए कुल 3571 लोगों ने आवेदन के साथ साथ 5 हजार रुपये का चालान जमा किया है. ज्ञात हो कि जमशेदपुर में बिरसानगर और बागुनहातु में कुल 9591 फ्लैट इस योजना के तहत बनाए जाने है. जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना कार्य की प्रगति पर्यवेक्षण हेतु कार्यालय से नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, दीपक मांझी एवं सरिता कुमारी कार्यस्थल पहुंचे और कार्य का जायजा लिया. टीम के सदस्य पीएम आवास शहरी योजना के कार्य की प्रगति से संतुष्ट थे.

### गृह ऋण के लिए बैंकर्स के साथ ऑनलाइन बैठक

नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक व नगर विकास एवं आवास विभाग की राज्य स्तरीय बैंकर्स हाउसिंग उपसमिति की बैठक का आयोजन ऑनलाइन किया गया. बैठक में एसएलबीसी, प्रमुख बैंकों के राज्य प्रमुखों एवं राज्य के नगर निकायों के नगर आयुक्तों एवं कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गृह ऋण की समीक्षा की गई. इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्माण किये जा रहे किफायती आवास के लाभुकों को गृह ऋण प्रदान करने एवं ऋण प्रक्रिया को और सरल बनाने हेतु निर्देश दिया गया. जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी द्वारा बिरसानगर में चल रहे आवास निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी दी गयी, साथ ही बागुनहातु किफायती आवास परियोजना में लॉटरी के उपरांत कार्य शुरू नहीं होने से संबंधित जानकारी दी गई.

# पीएम आवास के लिए 3571 लोगों ने जमा किये बैंक चालान



**जमशेदपुर.** बिरसानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत नौ ब्लॉकों में 9591 आवासों का निर्माण किया जाना है. वहीं, जमशेदपुर अक्षेस के माध्यम से अब तक 3571 लोगों ने विभिन्न बैंकों में पांच हजार रुपये का चालान जमा कर चुके हैं. गुरुवार को अक्षेस के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बैठक कर योजना की प्रगति की जानकारी नोडल पदाधिकारी से ली. बैठक में बिरसानगर योजना के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, दीपक मांझी, सरिता कुमारी आदि मौजूद थीं.

## पीएम आवास (शहरी) के तहत बिरसानगर का काम प्रगति पर, 3571 ने किया आवेदन


DMA
Directorate of Municipal Administration, Urban Development & Housing Department

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA